भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1158
उत्तर देने की तारीख 08.12.2025

वैज्ञानिक डॉ. रामबक्श सिंह के स्मृति समारोह का प्रस्ताव

1158. श्री राकेश राठौर :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. रामबक्श सिंह (1925-2025) के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्मृति कार्यक्रम और शताब्दी महोत्सव आयोजित करने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय स्मृति कार्यक्रम आयोजित करने के उपरोक्त प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या डाक विभाग ने डॉ. रामबक्श सिंह के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है;
(ड.) क्या सरकार का लखनऊ क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र का नाम बदलकर डॉ. रामबक्श सिंह के नाम पर रखने का विचार है;
(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(छ) क्या सरकार का उनके सम्मान में एक स्मारक सिक्का जारी करने का विचार है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): जी हाँ। डॉ. राम बक्श सिंह का जन्मशती स्मरणोत्सव आयोजित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ग): जी नहीं।

(घ): लागू नहीं।

(ङ): जी नहीं।

(च): राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), कोलकाता में डॉ. राम बक्श सिंह की स्मृति में क्षेत्रीय विज्ञान शहर, लखनऊ का पुन: नामकरण करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव को उनके द्वारा सावधानीपूर्वक जांच करने के पश्चात अस्वीकृत कर दिया गया।

(ज): जी नहीं।

आर्थिक कार्य विभाग में स्मारक सिक्का जारी करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ था जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु संस्कृति मंत्रालय को भेज दिया गया था। संस्कृति मंत्रालय अपनी शताब्दी और वर्षगांठ स्कीम के अंतर्गत देश की प्रख्यात हस्तियों की जन्म शताब्दी और ऐतिहासिक महत्व की घटनाओं जैसे कि 50वीं/75वीं/100वीं/125वीं/150वीं/175वीं आदि की विशेष वर्षगांठ मनाता है। जब किसी प्रख्यात व्यक्ति के संबंध में स्मरणोत्सव का अनुमोदन प्राप्त हो जाता है, तब मंत्रालय स्मरणोत्सव को मनाने हेतु विभिन्न पहल करता है जिसमें स्मारक सिक्के जारी करना भी शामिल होता है। चूंकि डॉ. राम बक्श सिंह की जन्मशती स्मरणोत्सव मंत्रालय द्वारा अनुमोदित स्मरणोत्सव नहीं है, अतः स्मारक सिक्का जारी करने के संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****